टी-43/एनआईएफएम/एडी(एच)/सीवी/2011-12

मनुष्यवती भूमिरर्थः

अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान

(भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था)

सेक्टर -48, पाली रोड फरीदाबाद-121001

दिनांक: 17-03-2021

नीलामी सूचना

अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान एक एंबेसडर कार नंबर (एच आर 51एस 9944) और एक क्वालिस (एच आर 38एल 0244) (जहां है, जैसी है) नीलामी करने जा रहा है। इच्छुक खरीददार दिनांक 05-04-2021 को (प्रात: 11 बजे से अपराहन 13:00 बजे तक) संस्थान में आकर गाड़ी का निरीक्षण कर सकते है।

2. इच्छुक खरीददार को प्रत्येक गाड़ी ₹ 15000/- (नकद) की धरोहर राशि, नीलामी में भाग लेने से पहले, लेखाधिकारी अ.जे.रा.वि.प्र.सं. को जमा करवानी होगी, जोकि नीलामी के बाद प्रतिदेय होगी। नीलामी वाले वाहन उच्चतम बोलीदाता को नीलाम कर दिया जाएगा। स्वीकृत बोली की 25 प्रतिशत राशि का उसी समय नकद भुगतान करना होगा तथा शेष राशि नीलामी की तिथि के 07 दिन के अंदर जमा करवानी होगी। वाहन को 07 दिन के अंदर अ.जे.रा.वि.प्र.सं. से अपने व्यय पर ले जाना होगा, अन्यथा संस्थान उसकी देखभाल का जिम्मेदार नहीं होगा। यदि किसी कारणवश वाहन ले जाने में देरी होने की संभावना है तो संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसकी अनुमति दी जा सकती है। मगर 15 दिन के बाद ₹ 500/- प्रतिदिन के हिसाब से जगह का किराया होगा तथा इससे एक माह बाद भी वाहन न उठाने पर संपूर्ण जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। बिक्री कर एवं अन्य कर, अधिभार, यदि हो तो लागू नियमों के अंतर्गत अलग से देने होंगे। नीलामी अ.जे.रा.वि.प्र.सं., सेक्टर-48, पाली रोड, फरीदाबाद में दिनांक 06-04-2021 को सुबह 11:00 बजे (मैंन गेट के निकट) होगी। नीलामी समिति के अध्यक्ष को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार होगा और उसका निर्णय अंतिम होगा। अधिक जानकारी के लिए श्री ए.सी. जोशी, सुरक्षा अधिकारी एवं प्रभारी परिवहन से टेलीफोन नंबर 0129-2465212 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(डी. के. चावला)

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी